**संशोधित आदेश**

# कार्यालय उत्तर प्रदेश सूचना आयोग, आर0टी0आई0 भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

## कार्यालय आदेश

उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग, आर.टी.आई. भवन में दिनांक 15 अगस्त, 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन निम्नवत् किया जाएगा–

| क्र0 सं0 | समय | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 07:30 | माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, माननीय राज्य सूचना आयुक्तगण तथा अधिकारीगण/कर्मचारीगण का कार्यक्रम स्थल पर आगमन। |
| 2 | 07:45 | वंदे मातरम् का सामूहिक गायन– श्रीमती सरिता वर्मा, श्री अतुल दूबे, श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती अर्चना वर्मा, श्री शरफुज्जमा, श्री जफर इकबाल एवं श्री सोनू कुमार सेन द्वारा। |
| 3 | 08:00 | 1. माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा ध्वजारोहण।<br>2. राष्ट्रगान की प्रस्तुति<br>3. आयोग के सुरक्षा गार्डों द्वारा ध्वज सलामी। |
| 4 | 08:30 | माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा उद्बोधन तथा प्रशस्ति–पत्र वितरण। |
| 5 | 09:00 | आयोग के रिसेप्शन हॉल में सूक्ष्म जलपान, तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन। |

2. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रूचि श्रीवास्तव, संयुक्त रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश सूचना आयोग द्वारा किया जाएगा।
3. कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएँ उपसचिव डॉ. तेजस्कर पाण्डेय, प्रभारी अधिकारी (नज़ारत) के निर्देशन में संपादित की जाएँगी। इस कार्य में श्री अनिल त्रिखा (प्रभारी नज़ारत), श्री रिजवान अहमद, श्री धीरेन्द्र सक्सेना, श्री प्रदीप कुमार तथा श्री सतीष कुमार वर्मा सहयोग करेंगे। नज़ारत संबंधी व्यवस्थाओं का समन्वय श्री रिजवान अहमद द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।
4. सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था श्री मुमताज अहमद, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।
5. उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के पत्र संख्या 517 दिनांक 06 अगस्त, 2026 **(संलग्न)** के अनुपालन में उपसचिव डॉ. तेजस्कर पाण्डेय को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। वे आयोग कार्यालय के समस्त कार्मिकों को ध्वजारोहण के नियमों तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह से संबंधित अन्य आवश्यक निर्देशों एवं जानकारियों से स्पष्ट रूप से अवगत कराएँगे।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार**

**(कुमार प्रशान्त)**
सचिव

पत्रांकः 190/उ0प्र0सू0आ0/नज़ारत/28/2026 लखनऊ दिनांकः 14/अगस्त/2026

**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, मा0 मुख्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0सूचना आयोग।
2. निजी सचिव, समस्त मा0 सूचना आयुक्तगण, उ0प्र0सूचना आयोग।
3. रजिस्ट्रार/संयुक्त रजिस्ट्रार/उप सचिव/वित्त एवं लेखाधिकारी/शोध अधिकारीगण/प्रशासनिक अधिकारी, उ0प्र0 सूचना आयोग।
4. प्रभारी अधिकारी नज़ारत, उ0प्र0 सूचना आयोग।
5. समस्त अनुभाग, उ0प्र0 सूचना आयोग।
6. समस्त नामित कर्मचारीगण को अनुपालनार्थ।

**(डॉ तेजस्कर पाण्डेय)**
उप सचिव